प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
25.12.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

वाजपेयी जंयती

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर आज देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर हुए राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हिमाचल के साथ वाजपेयी जी का गहरा नाता था और मनाली के निकट प्रीणी गांव में उनका अपना घर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान कवि, लेखक, दार्शनिक और राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने हमेशा देश के विकास के लिए कार्य किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

वाजपेयी–भाजपा

इस बीच भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा ने आज ज़िला मुख्यालयों पर अटल जी की जीवनी को दर्शाती प्रदर्शनियों का आयोजन किया। शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि वाजपेयी जी ने देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दिया और उनकी नीतियों से देश दुनिया में भारत को एक नई पहचान मिली। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना वाजपेयी जी के कार्यकाल में ही शुरू हुई और इससे देश व प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया गया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल में दुगर्म क्षेत्रों तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कों का श्रेय वाजपेयी जी को ही जाता है।

राज्यपाल

इस मौके पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है और उन्होंने अटल टनल रोहतांग से लेकर विशेष औद्योगिक पैकेज सहित हिमाचल को कई सौगातें दी।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दोपहर शिमला से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस दौरान वे कर्नाटक में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में भी भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि उनका नई दिल्ली में विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने का कार्यक्रम है और वे इस दौरान प्रदेशहित से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे केंद्र सरकार से जीएसटी से जुड़े मुद्दे भी उठाएंगे और आगामी बजट सत्र को लेकर भी चर्चा की जाएगी।

क्रिसमस

क्रिसमस का त्योहार आज देश व प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया। आज ही क दिन प्रभु ईसा मसीह का जन्म हुआ था। इस अवसर पर गिरजाघरों को विशेष रूप से सजाया गया। क्रिसमस को लेकर प्रदेश भर में खासी रौनक रही और गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी और उपहार बांटे। राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर क्राइस्ट चर्च को विशेष रूप से सजाया गया और प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। चर्च की पादरी विनीता रॉय ने बताया कि इस मौके पर प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाओं को याद किया गया और उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। इस मौके पर नाटी का आयोजन भी किया गया जिसमें लोगों ने पहाड़ी वेशभूषा में हिस्सा लिया। शिमला में 9 वर्ष बाद क्रिसमस से पहले बर्फबारी हुई है और बड़ी संख्या में लोग बर्फ का दीदार करने व क्रिसमस मनाने शिमला पहुंचे हैं।